# कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

कार्यालय का पता—कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, लालगढ़, बीकानेर

---

क्रमांक—शिविरा/प्रारं/आरटीई/अन्य अनुभागों से प्राप्त पत्र/19708/2021—22/ दिनांकः यथाहस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारंभिक/माध्यमिक शिक्षा (मुख्यालय),
समस्त।

**विषयः—**प्रारंभिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5) एवं प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा 8) के परीक्षा परिणाम पश्चात विद्यालय स्तरीय करणीय कार्य जारी करने हेतु।

**प्रसंगः—**कार्यालय पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ राजस्थान, बीकानेर का पत्र क्रमांक :—शिविरा/प्रारं/पविप/5—8/दिशा—निर्देश/2024—25 दिनांकः 04.04.2025।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के संबंध में लेख है कि प्रांरभिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5) एवं प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा 8) के परीक्षा आयोजन हेतु शासन से अनुमोदन पश्चात जारी दिशा—निर्देशों में मूल्यांकन व्यवस्था का ग्रैडिंग स्केल निम्नानुसार है—

| स्कैल | 81—100 | 61—80 | 41—60 | 33—40 | 0—32 |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रेड | A | B | C | D | E |

**नोटः—** उक्त क्रम में ए से डी ग्रेड के परीक्षार्थियों को अगली कक्षा में कक्षोन्नत किया जाता है।

कक्षा 5 व 8 परीक्षा, 2025 से जो छात्र 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करते हैं (परीक्षा में) उन्हें विशेष कक्षाएं लगाकर 40 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने की स्थिति में लाया जावें। उनके लिए स्कूल स्तर पर परीक्षा ली जावें। परीक्षा उपरान्त 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षण/विशेष कक्षाएं तथा स्कूल स्तर पर परीक्षा हेतु समस्त संस्था प्रधानों एवं संबंधित कार्यालयों को योजनाबद्ध/टाईमलाईन अनुसार परिपत्र जारी करावें।

**संलग्नः—उपरोक्तानुसार।**

(चन्द्रकिरण पँवार)
सहायक निदेशक (आरटीई)
प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature Not Verified
Digitally signed by Chandra Kiran Panwar
Designation : Assistant Director
Date: 2025.04.08 16:49:28 IST
Reason: Approved